हर जन्म में दादी तेरा साथ चाहिए

हर जन्म में दादी तेरा साथ चाहिए,
सर पे मेरे मात तेरा हाथ चाहिए ।
सिलसिला ये टूटना नहीं चाहिए,
मुझको तो बस इतनी सी सौगात चाहिए ॥
हर जन्म में दादी तेरा साथ चाहिए,

मेरी आँखों में ज्योत तुमसे है
मेरे जीवन में मौज तुमसे है
रूठे सारी दुनिया, तुम रूठना नहीं,
मुझको तेरे प्यार की बरसात चाहिए ॥
हर जन्म में दादी तेरा साथ चाहिए,..

मेरी दुनिया को तुम बसाये हो,
मेरी सांसो में तुम समाये हो ।
दिन में साथ साथ तुम रहो मेरे,
सपनो में आते रहो, वो रात चाहिए ॥
हर जन्म में दादी तेरा साथ चाहिए,

मुझपे तेरी किरपा यु कम न है
फिर भी छोटी सी एक तमन्ना है ।
मर ना जाये श्याम तुम्हे याद करके,
जीते जी एक तुमसे मुलाकात चाहिए ॥
हर जन्म में दादी तेरा साथ चाहिए,

.

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13412/title/har-janam-me-dadi--tera-sath-chahiye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |